**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 03.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्र ने देशभर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर इबोला स्वास्थ्य जांच के लिए 'एयर सुविधा 2.0' पोर्टल शुरू किया।
2. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह के नागरिकों से उपराज्यपाल प्रशस्ति पत्र के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
3. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2026–27 के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत अतिरिक्त 100 हेक्टेयर क्षेत्र को मंजूरी दी।
4. रंगत मानसून मैराथन का कल आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

नागर विमानन मंत्रालय ने कल देशभर में इबोला स्वास्थ्य जांच के लिए एयर सुविधा 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के सहयोग से इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य स्वास्थ्य, आव्रजन और निगरानी एजेंसियों के बीच समन्वय के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की स्वास्थ्य निगरानी को मजबूत करना है, ताकि जोखिम वाले यात्रियों का शीघ्र पता लगाया जा सके। उन्नत एयर सुविधा 2.0 में अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए पूरी तरह से संपर्क रहित और कागज रहित स्वास्थ्य स्व–घोषणा प्रणाली शुरू की गई है। इस प्रणाली के अंतर्गत, अंतरराष्ट्रीय यात्री आगमन से 24 घंटे पहले तक अपनी स्वास्थ्य स्व–घोषणा ऑनलाइन जमा कर सकते हैं, जिससे आव्रजन प्रक्रिया में तेजी आएगी और निर्बाध स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों और संगठनों से स्वतंत्रता दिवस, 2026 के अवसर पर उपराज्यपाल प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कला, वाणिज्य, शिक्षा, खेलकूद व संस्कृति और समाज कल्याण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 24 जुलाई शाम 5 बजे तक सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ गोपनीय सेल,

सचिवालय के पास जमा या ईमेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। इस पुरस्कार के लिए सरकारी अधिकारी और गैर–सरकारी व्यक्ति दोनों ही पात्र हैं।

<><><><><><><>

शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए स्कूल शिक्षकों से स्व–नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार शिक्षकों की सराहनीय सेवाओं को सार्वजनिक पहचान देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, स्थानीय निकायों द्वारा संचालित, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, केंद्र सरकार के स्कूलों, रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्कूलों, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और सीबीएसई या सीआईएससीई से संबद्ध स्कूलों में कार्यरत सभी स्कूल शिक्षक और स्कूल प्रमुख इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। सामान्यतः सेवानिवृत्त शिक्षक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। हालांकि, जिन्होंने इस कैलेंडर वर्ष में 30 अप्रैल तक अपनी सेवा प्रदान की है, वे पात्र हो सकते हैं।

<><><><><><><>

जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 के तहत संकटग्रस्त प्रजातियों की अधिसूचना के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। इसका उद्देश्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों की पहचान, मूल्यांकन और अधिसूचना के लिए एक समान, पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ प्रक्रिया को सुगम बनाना है। जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 केंद्र सरकार को संबंधित राज्य सरकार से परामर्श कर किसी भी ऐसी प्रजाति को संकटग्रस्त प्रजाति के रूप में अधिसूचित करने का अधिकार देती है जो विलुप्त होने के कगार पर या जिनके निकट भविष्य में विलुप्त होने की संभावना है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने हाल ही में मध्योत्तर अंडमान जिले के मायाबंदर ब्लॉक के अंतर्गत रामपुर ग्राम पंचायत के नव–चिह्नित क्लस्टरों, करमाटांग और वेबी गांवों में किसानों के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत ओरिएंटेशन और जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2026–27 के लिए NMNF के तहत अतिरिक्त 100 हेक्टेयर क्षेत्र को मंजूरी दी है, जिसके परिणामस्वरूप करमाटांग और वेबी में दो नए क्लस्टरों की पहचान की गई। कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया ने कहा कि प्राकृतिक खेती में टिकाऊ, जलवायु–अनुकूल और कम लागत वाली कृषि को बढ़ावा देने की

अपार क्षमता है। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों ने जैव–इनपुट तैयार करने, मल्चिंग, नमी संरक्षण और टिकाऊ फसल प्रबंधन सहित विभिन्न प्राकृतिक खेती तकनीकों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे कृषि विज्ञान केन्द्र, निम्बुडेरा के अधिकारी, प्रगतिशील किसान और कृषि सखियों सहित लगभग 250 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

रंगत मानसून मैराथन कल आयोजित किया जाएगा। नींबूतला में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र, खिलाड़ी और आम जनता हिस्सा ले सकते हैं। इसमें पुरूषों के लिए 10 किमी और महिलाओं के लिए 5 किमी दौड़ शामिल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रूपये के साथ पदक भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों से सुबह 5 बजकर 20 मिनट तक निंबुतला चौक पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भुवनेश्वर में आयोजित 17वें केआईआईटी इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह के नौ वर्षीय खिलाड़ी एसीएम मेदांत आर ने फिडे रेटिंग हासिल की है। उन्हें यह फिडे रेटिंग स्टैंडर्ड और ब्लिट्ज दोनों फॉर्मेट में मिली।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति ने जी. बी. पंत अस्पताल के रक्त केन्द्र के साथ मिलकर भारतीय स्टेट बैंक के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान से पहले सभी दाताओं की पात्रता की जांच की गई और उन्हें रक्तदान के विभिन्न पहलुओं व इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को रक्तदाता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता सप्ताह और देशव्यापी अभियान 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' के हिस्से के रूप में, दक्षिण अंडमान पुलिस ने नशीले पदार्थों के अपराधियों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई जारी रखते हुए पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की है। दक्षिण अंडमान जिले के अंतर्गत पुलिस थानों ने हट बे, हैडो, विम्बर्लीगंज, छोलदारी, कोलिनपुर, आर.के. पुर और आर.बी. नगर में

चित्रकला प्रतियोगिता, बाइक रैलियां, वॉलीबॉल टूर्नामेंट, और बाजारों व ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता अभियान और सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत बेहतर गुणवत्ता वाले चावल के वितरण से संबंधित समाचार **को द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी हेडलाइन बनाते हुए लिखा है– 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को होगा फायदा। **द्वीप समाचार** ने केन्द्रीय मंत्री द्वारा विकसित भारत जी–राम जी योजना के शुभारंभ के समाचार को प्रमुखता से छापा है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने भारतीय स्टेट बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने के समाचार को, जबकि फरारगंज तहसील में स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति की मांग के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** में जगह मिली है।

<><><><><><><>